आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 मंगलवार दिनांक 14.04.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

1– सक्ती जिले में स्थित वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर के फटने से कम से कम नौ मजदूरों की मौत–चालीस से अधिक झुलसे।

2– प्रधानमंत्री ने कहा कि नीति निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में सहायक होगी।

3– राष्ट्र आज भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

और

4– प्रदेश में शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में निःशुल्क प्रवेश के लिए शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत कल लॉटरी निकाली जाएगी।

..........

<u>सक्ती–प्लांट हादसा</u>

_______सक्ती जिले में डभरा ब्लॉक के ग्राम सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर के फटने से नौ मजदूरों की मौत हो गई है। वहीं, चालीस से अधिक मजदूर झुलस गए हैं। इनमें से आठ मजदूरों की हालत

गंभीर बताई गई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। अभी तक हादसे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए हैं।

वहीं, जिले के पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि प्लांट में कार्य के दौरान अचानक बॉयलर फट गया, जिसमें कई मजदूर झुलस गए हैं। उन्होंने बताया कि अभी भी कई मजदूर प्लांट में फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि घटना की विस्तृत जांच की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

इस बीच, श्रम और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे के दोषियों पर श्रम कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने वेदांता प्लांट में हुई घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से फोन पर घटना की जानकारी ली और अधिकारियों को घायल श्रमिकों को त्वरित और बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री–नारी शक्ति वंदन अधिनियम

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नीति–निर्माण और निर्णय लेने में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगा। भारत की नारी शक्ति को लिखे पत्र में श्री मोदी ने कहा कि सोलह अप्रैल को संसद, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण

संवैधानिक संशोधन पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए दोबारा सत्र शुरू करेगी। प्रधानमंत्री ने सदन में इस विधेयक के पारित होने की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देशभर की महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का एक अनूठा अवसर मिलने पर खुशी व्यक्त कर रही हैं।

मुख्यमंत्री–नारी शक्ति वंदन अधिनियम

---

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर प्रदेश के सभी लोकसभा और राज्यसभा सांसदों, विधानसभा सदस्यों तथा महिला संगठनों को पत्र लिखकर सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया है। उन्होंने सोलह अप्रैल को संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रस्तावित चर्चा को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का निर्णायक क्षण बताते हुए कहा है कि यह मातृशक्ति को लोकतांत्रिक संस्थाओं में समुचित प्रतिनिधित्व दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर है। मुख्यमंत्री ने सांसदों को लिखे अपने पत्र में आग्रह किया है कि वर्ष दो हजार उनतीस के लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पूर्व इस अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने के विषय में सकारात्मक और सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि मातृशक्ति को उनका समुचित अधिकार मिल सकें। श्री साय ने कहा है कि अब समय आ गया है कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में उनका उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए।

बिहार–मुख्यमंत्री

---

भारतीय जनता पार्टी के विधायक सम्राट चौधरी को बिहार में भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। इससे राज्य में अगले मुख्यमंत्री बनने के लिए उनका रास्ता साफ हो गया है। इसकी घोषणा पटना में

भाजपा विधायक दल की एक बैठक के बाद की गई। केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया है।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिहार में भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर  बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

<u>अंबेडकर–जयंती</u>

भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की एक सौ पैंतीसवीं जयंती पर राष्ट्र आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

इधर, छत्तीसगढ़ में भी डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की जयंती पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में डॉक्टर अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं, मुख्यमंत्री बाबा साहेब की जयंती पर रायपुर में आयोजित समरता भोज में शामिल हुए। इसके अलावा श्री साय ने राजधानी के कलेक्टोरेट चौक में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने दलितों और वंचितों के हित में कई कार्य किए हैं।

उधर, उपमुख्यमंत्री अरूण साव और केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर के जेल चौक के पास स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस बीच, प्रदेष की सभी ग्राम पंचायतों में आज ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश के अनुसार  ग्रामसभा की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग करना अनिवार्य है। इसे मोबाइल अनुप्रयोग पर अपलोड किया जाएगा।

आरटीई–प्रवेश

---

प्रदेश में शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए शिक्षा के अधिकार अधिनियम–आरटीई के तहत कल मंत्रालय में लॉटरी निकाली जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी ने बताया कि लॉटरी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में राज्य के निजी स्कूलों में कक्षा पहली में एक से तीस मई तक प्रवेश की प्रक्रिया होगी। वहीं, प्रवेश के दूसरे चरण की प्रक्रिया आठ जून से सत्रह अगस्त तक होगी।

अग्निशमन दिवस

---

आज अग्निशमन दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जगहों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा दुर्ग द्वारा श्रद्धांजलि और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अग्निशमन कार्यालय दुर्ग से रैली निकालकर आम लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी गई।

नकली दवा–कार्रवाई

---

राज्य में नकली दवाओं के अवैध व्यापार के खिलाफ औषधि प्रशासन विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रायपुर के गोगांव स्थित नागपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट से नकली दवाओं की जब्ती के प्रकरण में बड़ी कार्रवाई की गई है। जांच के दौरान इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में

कई मेडिकल स्टोर्स से संदिग्ध और नकली औषधियों के भंडारण और वितरण से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले थे, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

गांजा–बरामद

---

जगदलपुर में बोधघाट पुलिस ने चौव्वन किलो गांजा के साथ छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत सत्ताईस लाख रूपए बताई गई है। इस मामले में गिरफ्तार तीन आरोपी राजस्थान, एक उत्तरप्रदेश और दो अरोपी सुकमा जिले के हैं।

उधर, कबीरधाम जिले में कोतवाली पुलिस ने नौ किलो से अधिक गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये आंकी गई है।

दुर्घटना

---

रायपुर जिले के गोबरा नवापारा में बीती देर रात हाईवा और ट्रक के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर थाना क्षेत्र के पिपरौद–बजरंगपुर स्थित निर्माणाधीन टोल प्लॉजा के पास रेत से लदी हाईवा एक ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में ट्रक के परखच्चे उड़ गए। ट्रक में सवार तीन लोग केबिन में फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाल कर गोबरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई।

मौसम

मौसम विभाग ने कल पन्द्रह अप्रैल से मध्य छत्तीसगढ़ में लू चलने की चेतावनी दी है। विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका दक्षिणी असम से दक्षिण तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ के ऊपर बनी हुई है। इसके असर से प्रदेश में गर्म हवाएं आ रही है, जिसके कारण अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। बस्तर और सरगुजा संभाग के अधिकतम तापमान में हल्की उतार–चढ़ाव के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल पन्द्रह अप्रैल को मंत्रालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की जाएगी।

और

– प्रदेश में कृषि और पषुपालन सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेष के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के अनुसार अभ्यर्थी सत्ताईस अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>